सत्यमेव जयते

# षोडश

# बिहार विधान सभा

## अष्टम सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-3

बुधवार, तिथि 08 अग्रहायण, 1939 (श0) / 29 नवम्बर, 2017 (ई0)

प्रश्नों की कुल संख्या 162

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | 87 |
| (2) पथ निर्माण विभाग | .. | .. | 21 |
| (3) ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | 08 |
| (4) जल संसाधन विभाग | .. | .. | 25 |
| (5) लघु जल संसाधन विभाग | .. | .. | 12 |
| (6) श्रम संसाधन विभाग | .. | .. | 02 |
| (7) भवन निर्माण विभाग | .. | .. | 05 |
| (8) पंचायती राज विभाग | .. | .. | 02 |
| | | कुल योग — | 162 |

कार्य को पूर्ण करना

*99. श्री नन्द कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के बरूराज विधान सभा के अन्तर्गत मोतीपुर प्रखंड में G.T.N.S.Y. योजना अन्तर्गत मात्र एक सड़क की स्वीकृति दी गयी थी उक्त योजना हेतु विभाग द्वारा छूटे हुये टोला का नाम माँगा गया था जिसके उपरान्त मैंने पत्र संख्या 08/17, दिनांक 21 फरवरी, 2017 के द्वारा भवदीय के पास पत्र लिखा था जिसपर विभाग द्वारा संज्ञान लिया गया लेकिन सड़क निर्माण कार्य अबतक प्रारंभ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त योजना अन्तर्गत लम्बित सड़कों के निर्माण कार्य को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*100. श्री निरंजन कुमार मेहता--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत राज्य पथ संख्या 91 में रघुनाथपुर एवं कोल्हापट्टी के बीच लगभग दो किलो मीटर सड़क की स्थिति जर्जर होने के कारण दोनों ओर से वाहनों के परिचालन में कठिनाई होती है तथा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उसी राज्य पथ 91 में उक्त स्थल से दक्षिण लक्ष्मीपुर से बिहारीगंज शीतल मीलविशनपुर तक सड़क का निर्माण पूरा नहीं कर उसे तीन वर्ष पूर्व से ही अधूरा छोड़ दिया गया है जिससे वहाँ भी वाहनों के परिचालन में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य पथ 91 के उपरोक्त दोनों स्थलों पर सड़क का निर्माण कराकर आवागमन की सुविधा सुव्यवस्थित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशि का भुगतान

*101. श्री मेवालाल चौधरी--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत असरगंज प्रखंड के खुले में शौच मुक्त होने की घोषणा एक वर्ष पूर्व किया जा चुका है किन्तु लाभुकों को शौचालय निर्माण में दी जानेवाली सहायता राशि अभीतक नहीं मिली है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त लाभुकों को राशि भुगतान का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नलकूप की मरम्मती

*102. श्री राजेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत हरसिद्धि विधान सभा क्षेत्र के शंकर सरैया एवं बिजुलपुर में नलकूपों के बंद रहने से किसानों को सिंचाई में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बंद नलकूपों की मरम्मती कराकर चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बाँध का निर्माण

*103. श्री (मो0) नेमातुल्लाह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सितम्बर, 2017 में सारण बाँध टूटने के कारण माझा, बरौली, बैकुण्ठपुर एवं सिधवलिया पंचायत पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार सारण बाँध को कबतक पूर्णरूपेण बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*104. श्री जय वर्धन यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि उप-विकास आयुक्त, पटना ने अपने पत्रांक 1204, दिनांक 14 जुलाई, 2017 द्वारा पटना जिला के दुल्हिनबाजार प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय के भवन निर्माण के संबंध में राजकीय उच्च पथ 02 पर स्थित ग्राम-बेल्हौरी, थाना संख्या 239 के तहत 5 एकड़ भूमि को चिह्नित करते हुये प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार को उनके पत्रांक 2447, दिनांक 28 नवम्बर, 2016 के आलोक में सूचित किया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखंड कार्यालय भवन निर्माण हेतु कोई प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक भवन निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला का निर्माण

*105. सुश्री पुनम पासवान--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फुलवारी शरीफ प्रखंड के ढ़ीबरा पंचायत स्थित ग्राम-आईमा निहूरा (वार्ड नं0 06) को मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के अन्तर्गत चयन नहीं होने के कारण प्रखंड विकास पदाधिकारी, फुलवारी ने अपने पत्रांक 1215, दिनांक 13 सितम्बर, 2017 द्वारा जिला पंचायती राज पदाधिकारी, पटना को पत्र प्रेषित कर उक्त गाँव में तीन वर्ष पूर्व जल निकासी हेतु अधूरे नाला को गैर-मजरूआ जमीन में पूर्ण करने में असमर्थता व्यक्त किया है जिससे कि आस-पास के किसानों को नाली के पानी से जल-जमाव के कारण खेती करने में कठिनाई हो रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गाँव (वार्ड नं0 06) को मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के अन्तर्गत चयन करते हुये अधूरे नाला को पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

आहर का जीर्णोद्धार

*106. श्री आनंद शंकर सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत देव प्रखंड के ग्राम पंचायत के पूर्वी केताकी अन्तर्गत सिंघवा आहर जर्जर है जिससे लगभग 12 गाँवों के किसान प्रभावित हो रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सिंघवा आहर का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

एप्रोच पथ का निर्माण

*107. श्री बशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखंड करगहर में बलभद्रपुर गाँव के पास धर्मावती नदी में एवं कोचस प्रखंड के करमछाता-सकरौली गाँव के पास गोरैया नदी में पुल का निर्माण लगभग पाँच वर्ष पूर्व हो गया है लेकिन दोनों पुलों का एप्रोच पथ का निर्माण नहीं होने से आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों पुलों का एप्रोच पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आदेश निर्गत करना

*108. श्रीमती कुन्ती देवी--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत नीमचक बथानी प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन बनकर तैयार है, किन्तु अभीतक इस नवनिर्मित भवन को प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को हस्तांतरित नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन को कबतक हस्तांतरित करने हेतु आदेश निर्गत करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ का निर्माण

*109. श्री गुलाब यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अंतर्गत झंझारपुर प्रखंड में ग्रामीण कार्य प्रमंडल, झंझारपुर के अधीन 5 साल पहले पी0 एम0 जी0 एस0 वाई0 योजना द्वारा बनी सड़क काको से ओझौल जर्जर हो चुकी है, जिससे आमलोगों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

स्केप का पुनर्निर्माण

*110. श्री निरंजन कुमार मेहता--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत किशुनगंज वितरणी के 42.60 आर0 डी0 में बना स्केप लगभग दो वर्ष पूर्व ध्वस्त हो जाने के कारण हेवेलीघाट में पानी का बहाव अवरुद्ध हो गया है, जिससे वहाँ के लगभग 15.20 हजार किसान सिंचाई सुविधा से वंचित हो गये हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्केप का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ का निर्माण

*111. श्री यदुवंश कुमार यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला में एन0 एच0 106 ग्राम सरहोचिया से ग्राम निर्मली में एस0 एच0 76 को जोड़ने वाली अति महत्वपूर्ण पुरानी सड़क का निर्माण आजतक नहीं कराये जाने से इस भू-भाग के गाँवों में बसे लोगों को यातायात में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का अधिग्रहण पथ निर्माण विभाग से कराते हुए सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

बाँध की मरम्मती

*112. डॉ0 रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत सोनपुर नगर पंचायत के गोला बाजार स्थित नहर का पश्चिमी बाँध जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर के बाँध की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बाँध का निर्माण

*113. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बछवाड़ा प्रखंड स्थित रानी-2, रानी-3 पंचायत में जमींदारी बाँध जर्जर हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गत वर्ष गंगा नदी में बाढ़ से इन बाँधों के टूट जाने से बछवाड़ा, भगवानपुर एवं तेघड़ा प्रखंड में किसानों की फसल एवं जान-माल की क्षति के साथ-साथ एन0 एच0 को भी नुकसान हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार चालू वित्तीय वर्ष में उक्त बाँधों का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

---

सड़क की मरम्मती

*114. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर विधान सभा क्षेत्र के जी0 टी0 रोड बर्डी-रिउर रोड से अंकोरहा रेलवे स्टेशन तथा माली थाना से चरण उच्च विद्यालय रोड बिल्कुल जर्जर है, जिससे रेलवे स्टेशन, उच्च विद्यालय, अस्पताल एवं थाना आने-जाने में आम जनता को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों सड़कों को श्रेणी-एक में शामिल कर मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*115. श्री शिवचन्द्र राम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अंतर्गत चकसिकन्दर से मिर्जानगर होते हुए महुआ तक जानेवाली सड़क को पथ निर्माण विभाग द्वारा अधिगृहित किए जाने का निर्णय वर्ष 2016 में लिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि आर0 डब्लू0 डी0 के उप-सचिव के पत्रांक-2823, दिनांक 17 नवम्बर, 2016 के द्वारा कार्यपालक अभियंता महुआ से इसके लिए एन0 ओ0 सी0 की माँग की गयी थी, जो कार्यपालक अभियंता, महुआ के ज्ञापांक-322, दिनांक 7 मार्च, 2011 के द्वारा भेजा जा चुका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त सड़क को ग्रामीण कार्य विभाग से अधिग्रहित कर पथ निर्माण विभाग द्वारा निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*116. श्रीमती बीमा भारती--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के फारबिसगंज प्रखंड अंतर्गत रहिकपुर टीला मोहन पंचायत में हलहलिया मध्य विद्यालय से ताराटोला गुरमही जानेवाली कच्ची सड़क की मरम्मत एवं पुल निर्माण नहीं होने के कारण लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क की मरम्मती एवं पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*117. श्री जिवेश कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत जाले प्रखंड के कमतौल से जंगाही टोला एवं कमतौल-बसैठा पी०डब्लू०डी० सड़क (एस०एच०75) से जगवन होते हुये रमौल तक जानेवाली सड़क का निर्माण अभीतक नहीं हुआ है, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*118. श्री भोला यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के हनुमान नगर प्रखंड अंतर्गत डीहरामपुर पंचायत के काली एवं पटोरी के बीच रक्सी नदी पर पुल नहीं रहने के कारण डीलाही एवं काली से पटोरी का सीधा सम्पर्क नहीं हो पा रहा है, जिससे उस इलाके के आमजनों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर कबतक पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

पुनर्जीवित करना

*119. श्री मेवालाल चौधरी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत संग्रामपुर प्रखंड के बेलहरनी नदी ददरीजाला से लेकर कुआँगढ़ी तक लगभग 20 गाँवों के किसानों के सिंचाई का एकमात्र साधन है, जो मृत पड़ा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बेलहरनी नदी को पुनर्जीवित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

पथ की मरम्मती

*120. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत धमदाहा प्रखंड अधीन माधोनगर से कुआँड़ी जानेवाली पथ जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

छात्रावास हस्तान्तरित करना

*121. श्रीमती आशा देवी--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के दानापुर अनुमंडल के अधीन स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों के लिये गाँधी उच्च विद्यालय, खगौल एवं महिला कॉलेज, खगौल में छात्रावास निर्माण कराने का निर्णय वर्ष 2009 में लिया गया था जिसका निर्माण वर्ष 2016 में पूरा कर लिया गया है, परन्तु उक्त छात्रावास को आजतक विभाग द्वारा मानव संसाधन विभाग को नहीं सौंपा गया है जिसके कारण वहाँ के छात्र/छात्राओं को रहने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थानों पर बने हुये छात्रावास को मानव संसाधन विभाग को कबतक हस्तांतरित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*122. श्री सुनील कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत डुमरा प्रखंड स्थित सीतामढ़ी शहर से पुपड़ी जानेवाली एस०एच० सड़क में श्री चन्द्रिका राम के घर होते हुये बड़ी कब्रिस्तान तक सड़क कच्ची रहने से आमजन को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

एप्रोच सड़क का निर्माण

*123. श्री आलोक कुमार मेहता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के उजियारपुर प्रखंड अंतर्गत बेलारी पंचायत में 5 वर्ष पूर्व एक आर०सी०सी० पुल का निर्माण किया गया है जिसके एप्रोच सड़क का निर्माण अभीतक नहीं कराया गया जिससे पुल से आवागमन नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार एप्रोच सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

पथ का जीर्णोद्धार

*124. श्री हरिनारायण सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत ग्रामीण कार्य प्रमंडल, हरनौत के हरनौत प्रखंड अंतर्गत ग्रामीण कार्य पथ, बोधनगर से चौरीया तक जिसकी लम्बाई लगभग दो (2) कि०मी० एवं गोनावाँ-निजाय लोक निर्माण पथ से संदलपुर तक जिसकी लम्बाई लगभग डेढ़ (1.5) कि०मी० है, जो जर्जर स्थिति में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों पथों का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

सड़क का निर्माण

*125. श्री हरिशंकर यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के हसनपुरा प्रखंड के उशरी बुजुर्ग पंचायत के उशरी खुर्द (मलिहान) ग्राम में दिल मोहम्मद के घर से स्व० जब्बार अंसारी के घर तक पक्की सड़क नहीं रहने से ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक नाला के साथ पक्की सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

पथ का जीर्णोद्धार

*126. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत कुर्था विधान सभा क्षेत्र के करपी प्रखंडान्तर्गत भदासी मोड़ एन०एच० 110 मुख्य पथ से खेदरू बिगहा भाया पुरान होते हुये करपी-शहर तेलपा मुख्य पथ तक तथा करपी-जोन्हा पथ से ग्राम-बधरा तक दोनों पथ जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों पथों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*127. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के बसंतपुर एवं गोरेयाकोठी प्रखंड के पदाधिकारी एवं कर्मचारी का सरकारी आवासीय भवन जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों प्रखंड के पदाधिकारी/कर्मचारी का सरकारी आवासीय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार

*128. सुश्री पुनम पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के कोढ़ा प्रखंड अन्तर्गत कोढ़ा पेट्रोल पम्प से एकम्बा स्कूल तक जानेवाली सड़क पिछले दो वर्षों से जर्जर है जिसके कारण लोगों को आवागमन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथांश का सुदृढ़ीकरण

*129. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के कटिहार विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत हसनगंज प्रखंड में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत भारीडीह से पिपरा टोला तक 3.6 कि0मी0 लम्बी सड़क को सुदृढ़ीकरण हेतु स्टेट कोर नेटवर्क में शामिल किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ में वित्तीय वर्ष 2014-15 पिपरा टोला से नीम टोला तक 2 कि0मी0 पथ का ही सुदृढ़ीकरण कार्य हुआ है नीम टोला से पकड़िया होते हुये भारीडीह तक 1.6 कि0मी0 शेष पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य लम्बित है जिससे आवागमन बाधित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नीम टोला से पकड़िया होते हुये भारीडीह तक शेष पथांश का सुदृढ़ीकरण का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*130. श्री सुधांशु शेखर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत हरलाखी प्रखंड के खिरहर पंचायत में मिसराही टोला (खड़ौरा टोला) में कोची नदी पर पुल नहीं होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*131. श्रीमती एज्या यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अन्तर्गत मोहिउद्दीन नगर प्रखंड के मोगलचक गाँव के बायाँ नदी पर पुल नहीं रहने के कारण उक्त प्रखंड के आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*132. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के फतेहपुर प्रखंड के अन्तर्गत उतरी लोदवे में ग्राम-कांटी मोड़ से लोदीचक ग्राम तक कच्ची सड़क है जिससे आमलोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*133. श्री अशोक कुमार (208)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अन्तर्गत डिहरी-तिलौथू-अमझोर एन0एच0 पथ में जून, 2017 से चौड़ीकरण का कार्य हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस पथ में लगने वाले पत्थर कोडरमा या लाईसेंस प्राप्त खादान से लगाने के बजाय लोकल व घटिया मेटेरियल लगाया जा रहा है ;

(3) क्या यह बात सही है कि पहले बने पथ से जो अलकतरा उखाड़ा जा रहा है उसी स्क्रेप मेटेरियल को पुनः मिलाकर जी0एस0बी0 किया जा रहा है जबकि इस आशय की सूचना से अभियंता प्रमुख को भी अवगत कराया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मानक के अनुरूप सड़क का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्लूईस गेट का निर्माण

*134. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के शाहकुंड प्रखंड के मनिकपुर गाँव में गहिरा नदी पर वियर में स्लूईस गेट नहीं रहने के कारण नदी के जल की बर्बादी होती है जिससे पाँच सौ बीघा से अधिक भूमि के किसान सिंचाई सुविधा से वंचित रह जाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बीयर में कबतक स्लूईस गेट लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*135. श्री नरेन्द्र नारायण यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला अन्तर्गत आलमनगर प्रखंड का भवन 67 वर्ष पुराना एवं जर्जर हो गया है जिससे बरसात के दिनों में छत से पानी टपकने से कर्मियों को कार्य करने में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पुराने भवन के स्थान पर नये भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*136. श्री विद्या सागर केशरी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखंड के मझुआ पंचायत के गोपालपुर गाँव के दिलीप राम के घर के पास से महेशमुड़ी, महादलित टोला जाने वाली कच्ची सड़क के बीच में ए0 बी0 सी0 नहर पर आर0 सी0 सी0 पुल नहीं रहने के कारण आमजन को आवागमन में भारी कठिनाइयाँ होती हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

---

प्रशिक्षण कार्य कराना

*137. श्री शिवचन्द्र राम--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2016-17 में वैशाली जिला अंतर्गत महुआ प्रखंड के महुआ में सरकार द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (I.T.I.) के निर्माण की स्वीकृति दी गयी थी तथा पढ़ाई हेतु किराये के मकान में तात्कालिक व्यवस्था की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त प्रशिक्षण संस्थान की पढ़ाई महुआ में न करके मुजफ्फरपुर शहर में की जा रही है, जिससे स्थानीय छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पढ़ाई की समुचित व्यवस्था नहीं करने के लिये दोषियों पर कार्रवाई करते हुये महुआ में ही उक्त प्रशिक्षण संस्थान चलाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*138. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत तरियानी प्रखंड के नरवारा से सोनवर्षा के मुगराहा ग्राम में बागमती नदी के पुरानी धार पर पुल नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान पर पुल निर्माण हेतु कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य प्रमंडल, शिवहर के पत्रांक 230, दिनांक 22 अप्रील, 2017 द्वारा नोडल पदाधिकारी, वार्ड कोषांग, मुख्य अभियंता-4 का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को लिखा गया फिर भी आजतक पुल का निर्माण नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कटावरोधक कार्य कराना

*139. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अंतर्गत बाघमारा पंचायत का बैजनाथपुर एवं बौलिया पंचायत का बौलिया दियारा का गंगा नदी से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँवों में कटाव रोकने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ की मरम्मती

*140. श्री नरेन्द्र नारायण यादव--क्या मंत्री ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला अंतर्गत ग्रामीण कार्य प्रमंडल, उदाकिशुनगंज के अधीन एन0 एच0 106 मधैली चौक से मधैली, गोट बलिया, बालाटोला, पश्चिम टोला, रौता, बथनाहा पी0 एम0 जी0 एस0 वाई0 पथ तक जाने वाली ग्रामीण कार्य विभाग की पथ जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विभाग द्वारा इस पथ की मरम्मती हेतु ग्रेड एक में रखा गया है ;

(3) अगर उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त क्षतिग्रस्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़कों का निर्माण

*141. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के शेरघाटी प्रखंड अंतर्गत गया-चेरकी पथ से धांधोपुर तक एवं गया-चेरकी पथ से करहारा तक कच्ची सड़क है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़कों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*142. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर प्रखंड में एन0 एच0 104 से पीठवा टोल जानेवाली सड़क जर्जर है जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रशासनिक स्वीकृति देना

*143. श्री नन्द कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत मोतीपुर प्रखंड के लिये मुख्यमंत्री ग्राम्य संपर्क योजना अंतर्गत वर्ष 2016-17 के कर्णांकित राशि में से शेष बचे राशि से सड़क निर्माण के लिये डी0पी0 आर0 की प्रशासनिक स्वीकृति हेतु कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर पश्चिम के पत्रांक 1201, दिनांक 25 जुलाई, 2017 के द्वारा अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को भेजा गया था, किन्तु अभीतक डी0 पी0 आर0 की प्रशासनिक स्वीकृति नहीं देने का क्या औचित्य है ?

---

सड़क का जीर्णोद्धार

*144. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी प्रखंड अंतर्गत 527 सी0 भिट्ठा चौक से जलालपुर होते हुये कुशैल तक 3 कि0 मी0 सड़क वर्तमान में आयी भीषण बाढ़ के कारण जर्जर हो गया है जिससे 20 हजार की आबादी को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*145. श्री विद्या सागर केशरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज विधान सभा क्षेत्र के हलहलिया पंचायत में मानिकपुर गाँव के बुर्जाचौक से खास हलहलिया महादलित टोला होते हुये लहसनगंज गाँव से तिरसकुंड तक की सड़क कच्ची है, जिससे आवागमन में आमलोगों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कटाव रोधक कार्य कराना

*146. डॉ० रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत दिघवारा नगर पंचायत के वार्ड नं०-18 के बरबन्ना मुस्लिम टोला गंगा नदी के भीषण कटाव से प्रभावित है, जिससे सैंकड़ों घर नदी में विलीन होने के कगार पर हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर कटाव अवरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नलकूप चालू करना

*147. श्री अशोक कुमार (132)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत खानपुर प्रखंड के जहाँगीरपुर पंचायत भवन के पास तथा खैरी पंचायत के पंचायत भवन के पास का राजकीय नलकूप दस वर्षों से बंद है जिससे सिंचाई में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*148. श्रीमती एज्या यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत पटोरी प्रखंड के शिउरा गाँव में बायां नदी पर पुल नहीं रहने के कारण आमजन को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर कबतक पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*149. श्रीमती अमिता भूषण--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बेगूसराय प्रखंड के हैबतपुर पंचायत में विनो सहनी के घर से लेकर आसोबाड़ी ढ़ाला वासुदेवपुर तक लगभग 3 कि०मी० लंबी सड़क जर्जर है, जिससे आमलोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*150. श्री लक्ष्मेश्वर राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लौकही प्रखंड के लदनियाँ महादलित टोला से भावनाहा महादलित टोला के बीच कतराहा नदी पर तथा कटौना प्रखंड के कारमेध मध्य से बेलहा जानेवाली सड़क के बीच सुगरवे नदी पर पुल नहीं रहने के कारण 10 हजार से ज्यादा लोगों को आवागमन में काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नलकूप चालू कराना

*151. श्री संजय कुमार तिवारी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत बक्सर प्रखंड के पुललिया ग्राम में मझरिया नलकूप एवं अर्जुनपुर नलकूप किसानों की सिंचाई का एकमात्र साधन है, जो आंतरिक दोषों के कारण विगत दो वर्षों से बंद है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बंद नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्यालय का जीर्णोद्धार

*152. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्रधान सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 7929, दिनांक 17 अगस्त, 2016 के आलोक में अररिया जिला के भरगामा एवं रानीगंज प्रखंड कार्यालय के जीर्णोद्धार हेतु क्रमशः 6,47,600 रु० एवं 37,07,300रु० की स्वीकृति प्राथमिकता के आधार पर दी गयी है और इस संबंध में सरकार के अपर सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार के पत्रांक 295756, दिनांक 28 दिसम्बर, 2016 के माध्यम से जिला पदाधिकारी, अररिया को सूचित किया गया है, लेकिन अबतक प्रखंड कार्यालयों का जीर्णोद्धार नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंड कार्यालय का कबतक जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*153. श्री अशोक कुमार सिंह (224)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के शेरघाटी प्रखंड अंतर्गत गया-चेरकी पथ से टिकरी तक एवं खण्डैल से मौलवीचक तक कच्ची सड़क है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपरोक्त विर्णित सड़कों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*154. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बरारी प्रखंड के गुरमैला पंचायत के बरंडी नदी के धोबीघाट पर पुल नहीं होने के कारण आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार धोबीघाट पर आर०सी०सी० पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

छिलका का पुनर्निर्माण

*155. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत कतरीसराय प्रखंड के अन्तर्गत मैरा छिलका मुंशी नदी पर स्थित है जो विगत 9 वर्षों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में रहने के कारण हजारों एकड़ जमीन में सिंचाई व्यवस्था नहीं होने के कारण हजारों एकड़ जमीन मरूभूमि में बदल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मुंशी नदी पर मैरा छिलका का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*156. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर प्रखंड के हसनपुर, बीरपुर, गंगा सागर पुल से हसनपुर गाँव होते हुये राजघाट पथ विगत 10 वर्षों से जर्जर है जिससे वाहनों का परिचालन पूर्णतः बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सिलटेशन की सफाई

*157. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत बेतिया शहर के समीप से होकर गुजरने वाली चन्द्रावत नदी एवं कोहड़ा नदी में सिलटेशन के कारण जल स्तर ऊँचा हो गया है तथा दोनों किनारों पर अतिक्रमण भी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी को अतिक्रमण से मुक्त कराते हुये सिलटेशन की सफाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*158. श्री (डॉ0) अशोक कुमार (139)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के सिंघिया प्रखंड के लिलहॉल पंचायत के हरिपुर, दुर्गा मंदिर से शिवाजी नगर, प्रखंड रहियार, उत्तर पंचायत के बेला चौक तक की लगभग 1 कि0मी0 सड़क दो प्रखंडों को जोड़ती है जो जर्जर हो गयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

फ्लाई ओवर का निर्माण

*159. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बलरामपुर विधान सभा क्षेत्र में एस0एच0 98 जो बलरामपुर, बारसोई, आजमनगर, कदवा, डंडखोरा, हसनगंज होते हुये जिला मुख्यालय कटिहार पहुँचने वाला सड़क 40 साल पहले का बना हुआ एकल पथ है उसमें बारसोई एवं मुकरिया रेलवे फाटक पर जाम लगने के कारण 70 कि0मी0 की यात्रा में 4 घंटे तक का समय लग जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों रेलवे गुमटियों पर फ्लाई ओवर निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*160. श्री आनंद शंकर सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत सदर प्रखंड के ग्राम पंचायत, कर्मा भगवान, ग्राम-कर्मा भगवान मध्य विद्यालय से ग्राम-इगुना तक का पथ एवं औरंगाबाद प्रखंड के खैरा मिर्जा ग्राम पंचायत के ग्राम-हेतमपुर से ग्राम-करियांवा तक का पथ जर्जर है जिससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*161. श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला में चकिया प्रखंड के सागर पंचायत अन्तर्गत शीतलपट्टी बाजार आर0ई0ओ0 रोड से ऊँचाडीह होते हुये रामकरन, पकड़ी पी0डब्लू0डी0 रोड तक 15 से 20 गाँवों को जोड़ने वाली सड़क कच्ची है जिससे वहाँ के स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का जीर्णोद्धार

*162. श्री जय बर्धन यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पालीगंज विधान सभा क्षेत्र स्थित मुड़िका वितरणी एवं पालीगंज वितरणी की नहर सेवापथ के पूर्ण रूप से टूट जाने के कारण पदाधिकारियों को पेट्रोलिंग एवं कृषि सिंचाई हेतु जल की धारा अविरल बनाये रखने एवं नहर सेवापथ पर स्थित ग्रामों एवं टोलों के आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर सेवापथों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*163. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के गड़हनी प्रखंड अन्तर्गत मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से काउप से यजेन तक सड़क का निर्माण नहीं होने से ग्रामीण जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी संवेदक पर कार्रवाई

*164. श्री (मो0) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज, लौचा होते हुये टेढ़ागाछ प्रखंड मुख्यालय तक 29 कि0मी0 सड़क का निर्माण कार्य तीन वर्ष पूर्व प्रारंभ किया गया, लेकिन आजतक अधूरा कार्य कर संवेदक द्वारा छोड दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अधूरे सड़क को कबतक पूर्ण करने एवं दोषी संवेदक के विरुद्ध कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

गार्डबाँध का निर्माण

*165. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखंडान्तर्गत बंगाल सीमा मुरलीगच्छ से ठाकुरगंज पथ में चेंगाघाट कठलबाड़ी के पास चेंगानदी से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर सड़क को बचाने हेतु कटावरोधी कार्य एवं गार्डबाँध निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ का जीर्णोद्धार

*166. डॉ0 फराज फातमी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के केवटी प्रखंड के खिरमा से जलवाड़ा तक 2.5 कि0 मी0 पथ तथा सिंहवाड़ा प्रखंड के कलिगाँव से चमनपुर मंडल टोल तक 3 कि0 मी0 पथ जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों पथों का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

योजना लागू करना

''क'' *167. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2015-16 में राज्य सरकार के निर्णयानुसार गाँवों में गली, नाली का पक्कीकरण किया जाना था, किन्तु जमुई जिला के चकाई विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत उक्त योजना का अबतक एक भी स्थान पर कार्यान्वियन नहीं किया गया है, जिससे ग्रामीणों में असंतोष व्याप्त है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त योजनाओं को चकाई विधान सभा क्षेत्र में लागू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का कालीकरण

*168. श्री राम विलाश पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगाँव प्रखंड में नन्दलालपुर मोड़ से सिधारी बगीचा होते हुये बाराहाट तक निर्मित सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का कालीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

अभियंता पर कार्रवाई

*169. श्री सदानंद सिंह--क्या मंत्री ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिला अंतर्गत रजौन अंचल के मौजा-दौना, टोला-पारदौना (बाराटीकर) थाना नं0 601, खाता नं0 105, खेसरा नं0 261 जो निजी रैयत स्वर्गीय सूर्यनारायण सिंह के नाम से दर्ज है, पर विभाग द्वारा बिना भू-धारी की सहमति के पथ का निर्माण कर दिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा अपने पत्रांक-510, दिनांक 25 नवम्बर, 2015 के द्वारा कार्यपालक अभियंता को इस संदर्भ में निजी भूमि होने की जानकारी दी गयी थी ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त निजी भूमि पर पथ का निर्माण कराने वाले अभियंता पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट ''क''--ग्रामीण विकास विभाग से पंचायती राज विभाग को स्थानांतरित ।

पथ का चौड़ीकरण

*170. डॉ0 शमीम अहमद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यन बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला में एन0 एच0 28ए से जटवा पुल होते हुये फुलवार तक 15 कि0 मी0 सड़क ग्रामीण कार्य विभाग के अधीन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क जर्जर एवं कम चौड़ा रहने तथा कम ऊँचाई का होने के कारण बूढ़ी गंडक नदी में पानी के अधिक बहाव से सड़क पर चार फीट पानी 20 से 25 दिनों तक जमा हो जाता है जिससे 11 पंचायतों का प्रखंड एवं जिला मुख्यालय से सम्पर्क भंग हो जाता है एवं आम जनता को सिर्फ नाव से ही मुख्य सड़क एन0 एच0 28 तक आना-जाना करते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कर ऊँचा कर चौड़ीकरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*171. श्री अशोक कुमार (132)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर दरभंगा मुख्य सड़क एवं गंडक नदी के मगरदही घाट स्थित कर्पूरी ठाकुर सेतु पर तथा इसके सटे मथुरापुर-इलमासनगर आर0 सी0 डी0 पथ के तिराहा पर वाहनों के आवागमन के भारी दवाब की वजह से प्राय: जाम हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार इस तिराहे पर एक गोलम्बर का निर्माण कराते हुये मथुरापुर घाट से इलमासनगर तक बूढ़ी गंडक नदी के बाएँ तटबंध पर बाईपास सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*172. श्री (मो0) नेमातुल्लाह--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत बरौली नगर पंचायत भवन का सन् 2012 से निर्माण शुरू हुआ और आधा-अधूरा होकर बर्बाद हो रहा है यदि हाँ, तो सरकार उक्त भवन के अधूरे कार्य को कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मुआवजा राशि का भुगतान

*173. श्रीमती वर्षा रानी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अंतर्गत जगदीशपुर एवं गोराडीह प्रखंडों में चानन नदी पर तटबंध का निर्माण वर्ष 2012 में हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि चानन तटबंध हेतु अर्जित भूमि का मुआवजा आजतक गोराडीह एवं जगदीशपुर के किसानों को विभागीय उदासीनता के कारण नहीं मिल सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि का शीघ्र भुगतान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पेंशन का भुगतान

*174. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के बड़हरा प्रखंड में वृद्धा/विधवा एवं विकलांग पेंशन 2 वर्षों से पेंशनधारियों को नहीं दी गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखंड के पदाधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा लेखा संख्या एवं बेनीफिसियरी आई०डी० की माँग कर पेंशनधारियों को पेंशन से वंचित किया जा रहा है जबकि उक्त दस्तावेज प्रखंड मुख्यालय में मौजूद है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पेंशन का भुगतान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कटावरोधी कार्य कराना

*175. श्रीमती वर्षा रानी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर प्रखंड का ग्राम पंचायत, दुधैला का गंगा नदी से कटाव हो रहा है, जिससे वहाँ के ग्रामीणों का जान-माल का नुकसान हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायत में कटावरोधी कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्य योजना बनाना

*176. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत भरगामा प्रखंड में जे०बी०सी० मेन केनाल आर०डी०नं० 130 से 139 के बीच वर्षा एवं बाढ़ के पानी का समुचित निकासी नहीं होने से हजारों एकड़ खरीफ फसल प्रतिवर्ष बर्बाद हो जाता है, जिससे किसानों को बड़े पैमाने पर आर्थिक क्षति होती है, यदि हाँ, तो सरकार इसके स्थायी निदान के लिये कौन-सी कार्य योजना बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*177. श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला में चकिया प्रखंड के चिंतामनपुर पंचायत के एन०एच० 28 स्वास्थ्य उप-केन्द्र से स्टेट बैंक होते हुय राजेश्वर सिंह के घर तक कच्ची सड़क रहने से वहाँ के स्थानीय जनता को आवागमन में काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पी०सी०सी० कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का पुनःनिर्माण

*178. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बरारी प्रखंड के सुजापुर पंचायत के गिद्धाबाड़ी में लकड़ी पुल है जो 5 वर्षों से जर्जर स्थिति में है, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का पुनः निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*179. श्री गुलाब यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखंड के दर्जिया गाँव के समीप कमला नदी पर पुल नहीं होने के कारण आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बाँध का पुनर्निर्माण

*180. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अगस्त, 2017 में गोपालगंज जिलान्तर्गत बैकुण्ठपुर विधान सभा क्षेत्र के बघवार से प्यारेपुर तक जर्जर सारण तटबंध और जमींदारी बाँध के 15 स्थानों पर टूटने के कारण आयी प्रलयंकारी बाढ़ में लाखों की आबादी का घर और फसल की बर्बादी हुई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बाँधों की मरम्मती विगत 20 वर्षों में नहीं की गयी जिसके कारण बाँध जर्जर हो गये हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि इस वर्ष के बाढ़ में गोपालगंज में 28 से अधिक लोगों की मौत हुई है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बाँध टूटने के कारणों की जाँच कराने के साथ गोपालगंज जिले के अंतर्गत पड़ने वाले गंडक के किनारे के सभी बाँधों का पुनर्निर्माण/मरम्मत सुरक्षा दीवार के साथ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*181. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत फतेहपुर प्रखंड के निमि पंचायत के अंतर्गत ग्राम, डिहुरी (बदउआँ) के ढ़ाढ़र नदी पर पुल नहीं है, जिससे आस-पास के पंचायतों के लोगों को बरसात के दिनों में प्रखंड मुख्यालय एवं उपचार हेतु स्वास्थ्य केन्द्र जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

संवेदक पर कार्रवाई

*182. श्रीमती कुन्ती देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत अतरी प्रखंड में ग्राम-गंगटी से नरावट तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत पथ का निर्माण करवाया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस पथ के निर्माण में संवेदक द्वारा प्राक्कलन के विरुद्ध निम्न स्तर के मोरम एवं मिट्टी का प्रयोग किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विभागीय निगरानी से उक्त सड़क निर्माण कार्य की जाँच करवाकर संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*183. श्री (मो0) तौसीफ आलम--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 3 नवम्बर, 2017 को प्रकाशित ''टेकनीपुल का एप्रोच गड्ढे में तब्दील, भारी परेशानी'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत टेढ़ागाछ प्रखंड के टेकनीहाट स्थित टेकनीपुल का निर्माण वर्ष 2010 में किया गया है परन्तु एप्रोच सड़क कच्ची है जिसका पक्कीकरण नहीं होने से पुल पर आने-जाने वाले राहगीरों के लिये यह घातक बन गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल के एप्रोच सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का जीर्णोद्धार

*184. श्री राजेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत हरसिद्धि प्रखंड के गायघाट एस0एच0 सड़क से हरसिद्धि प्रखंड मुख्यालय जानेवाली पथ एवं मटियरिया एस0एच0 से मठलोहियार होते हुये कनछेदवा एस0एच0 पथ जर्जर हो गया है जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथों का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*185. श्री सुनील कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत डुमरा प्रखंड स्थित पुनौड़ा पश्चिमी पंचायत में अनुसूचित जाति के बस्ती से नयड़ा टोला जानेवाली सड़क कच्ची होने के कारण स्थानीय आमजन को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*186. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत किशनगंज-बहादुरगंज पथ में भेरियाडांगी के निकट सड़क का एक भाग अगस्त में आई बाढ़ में बह गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान पर पूर्व में भी कई बार सड़क बह गया था जबकि यह सड़क किशनगंज जिला को तीन विधान सभा क्षेत्रों सहित नेपाल सीमा, अररिया जिला एवं पूर्णियाँ जिलों के दो विधान सभा क्षेत्रों को किशनगंज जिला मुख्यालय से जोड़ती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*187. श्री मुजाहिद आलम-क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत किशनगंज-बहादुरगंज पथ में निर्मित पुल (महानन्दा नदी पुल) के निर्माण हुये पचास वर्ष से अधिक हो गये हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि यह पुल काफी जर्जर एवं पुराना हो गया है जो किशनगंज जिले के तीन विधान सभा क्षेत्रों सहित नेपाल सीमा, अररिया जिला एवं पूर्णियाँ जिले के दो विधान सभा क्षेत्रों को जोड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार महानन्दा नदी पर एक पुल बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

वीयर का निर्माण

*188 श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत शम्भूगंज प्रखंड के लोहागढ़ नदी पर लघु जल संसाधन विभाग के द्वारा निझरी यांगिया के पास वीयर (चेकडैम) बनवाने हेतु पाँच वर्षों से प्रक्रिया चल रही है लेकिन डिजाईन के चलते कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वीयर (चेकडैम) का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार

*189. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड प्रखंड में जवाही पी0एम0जी0एस0वाई0 सड़क से कबरा एवं सहनिया पट्टी होते हुये पी0एम0जी0एस0वाई0 सड़क जर्जर है जिससे आमलोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बराज से जोड़ना

*190. श्री चन्द्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के इसलामपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत बी0 एन0 योजना भारथु लिबड़ी, बाइसी तेइसी नहर से दस हजार एकड़ भूमि का सिंचाई कार्य होता था, किन्तु विगत दस वर्षों से उक्त नहर में पानी पर्याप्त नहीं आ रहा है, जिससे किसानों को सिंचाई में असुविधा हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2008-09 में सरकार द्वारा निर्णय लिया गया था कि भारथु लिबड़ी, बाइसी तेइसी नहर को उदेरा स्थान को बराज से जोड़कर 10 कि0 मी0 तक पक्की नहर का निर्माण कराया जायेगा, परन्तु वर्तमान में कोई कार्रवाई नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त नहर को उदेरा स्थान बराज से कबतक जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का निर्माण

*191. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है प0 चम्पारण जिलान्तर्गत नौतन प्रखंड के भंगमलही पुल से लेकर चम्पारण तटबंध तक की सड़क पिछले बीस वर्षों से जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज-बेतिया के बीच गंडक नदी में पुल बन जाने के कारण इस मार्ग पर यातायात हेतु वाहनों की संख्या में भारी बृद्धि हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का पक्कीकरण

*192. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत पतरघट प्रखंड के विशनपु पंचायत के नाका बाबा स्थान से सुरमाहा पंचायत भवन होते हुये पामाहाट तक की ग्रामीण सड़क विगत पाँच वर्षों से जर्जर है, जिससे बरसात के दिनों में सड़क पर पानी जमा हो जाता है, जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का निर्माण

*193. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत नौतन प्रखंड के मडुआहा से दक्षिण तेल्हुआ एवं बैरिया प्रखंड के पूजहाँ माई स्थान से बनरही गाँव तक कच्ची सड़क है, जो प्रखंड मुख्यालय को जोड़ती है एवं सड़क कच्ची होने से बरसात के समय आवागमन प्रभावित होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों सड़कों का निर्माण कराने विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

योजना का लाभ देना

*194. डॉ0 फराज फातमी--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत 17 जनवरी, 2017 से पंजीकृत कामगार को मातृत्व लाभ एवं विवाह सहायता राशि देने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के केवटी एवं सिंघवाड़ा प्रखंड में पंजीकृत कामगारों को उक्त योजनाओं का लाभ नहीं दिया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार केवटी एवं सिंघवाड़ा प्रखंड के पंजीकृत कामगारों को उक्त योजनाओं का लाभ कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

तटबंध का निर्माण

*195. डॉ0 विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी बाजार दो तरफ से नदी से घिरा हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मोरहर नदी के पूर्वी छोर में पलकिया से कोल्ड स्टोर, पुरानी चट्टी, नई बाजार, कठार होते कमात तक एवं नदी के पश्चिमी छोर में हरदासपुर, व्यवहार न्यायालय, शेरघाटी, उप-कारा, हमजापुर, शेरघाटी होते दरना तक नदी का कटाव हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों को उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेरघाटी शहर के स्थलों को मोरहर नदी के कटाव से बचाने के लिये नदी के दोनों किनारे तटबंध निर्माण का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*196. श्री चन्द्रिका राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत दिरयापुर प्रखंड में सोनपुर-रेवा पथ से ग्राम-मानपुरा तक प्रधानमंत्री सड़क योजना का कार्य वर्ष 2008-09 में आरंभ किया गया था, लेकिन उक्त सड़क का सम्पूर्ण निर्माण आजतक नहीं किया गया है, जबकि निर्माण एजेंसी एवं अभियंताओं द्वारा राशि की निकासी गबन कर ली गयी है, यदि हाँ, तो सरकार दोषियों पर कार्रवाई करते हुये सड़क का निर्माण कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बोल्डर पीचिंग करना

*197. श्री उमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत महनार बाजार से मोहउद्दीन नगर बोर्डर तक का गंगा नदी का बाँध कटाव के कारण कमजोर हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर गंगा नदी के बाँध को ऊँचा कर बोल्डर पीचिंग कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*198. श्री राज किशोर सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत गौरोल प्रखंड के कन्हौली, विशनपरसी पंचायत के कन्हौली विशनपरसी ग्राम में सुरेश महतो के घर से महादलित टोला जाने के लिये कोई सड़क नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त टोला के लिये सड़क निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*199. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत घोघरडीहा प्रखंड स्थित ब्रह्मपुर गाँव में एन०एच० 57 ब्रह्मपुर, गोढ़ियारी जानेवाली पक्की सड़क तक का पथ जिसका निर्माण वर्ष 2000 से 2005 के बीच विधायक एच्छिक कोष से हुआ था, जर्जर हो चुका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*200. श्री चन्दन कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत परिहारा से रानीशकरपुरा होते हुये कौनिया तक पथ का स्थानांतरण ग्रामीण कार्य विभाग से गत वर्ष पथ निर्माण विभाग में हुआ है तथा विभाग द्वारा उक्त पथ को अधिगृहित भी कर लिया गया, लेकिन उक्त पथ का निर्माण कार्य अभीतक प्रारंभ नहीं हुआ है, जबकि यह पथ ईमली रेलवे स्टेशन तक जाने का महत्वपूर्ण मार्ग है, यदि हाँ, तो कबतक सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल बनाना

*201. डॉ० अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत नवहट्टा प्रखंड के डरहार गाँव को जोड़ने हेतु कोसी के उप-शाखा नदी पर उच्चस्तरीय पुल नहीं रहने के कारण आम लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर उच्चस्तरीय पुल कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*202. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शाहकुंड प्रखंड (भागलपुर) अंतर्गत अमरपुर-कजरैली मुख्य पथ में रतनगंज बाजार से बंधाव पथ तक तथा बंधाव पथ से लखानी पोखर गाँव तक पथ का निर्माण नहीं होने से आम लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों पथों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ब्रेकर हटाना

*203. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कोटवा प्रखंड के एन०एच० 46 मठ वनवारी से रत्नपुर होते हुये बैरिया, देवी स्थान तक की 8 कि०मी० की पक्की सड़क में 70 ब्रेकर हैं, इसी प्रकार से पूरे राज्य के ग्रामीण सड़कों में अत्यधिक ब्रेकर हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अनावश्यक ब्रेकर तोड़कर गाड़ियों के परिचालन को व्यवस्थित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कटावरोधी कार्य कराना

*204. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नगर परिषद्, अररिया के वार्ड नं० 11 का अधिकतर भाग पनार नदी से कट चुका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वार्ड में कटाव से बचाव हेतु कटावरोधी कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*205. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के बारूण प्रखंड अंतर्गत बारूण-धर्मपुरा पथ में पटना कैनाल (सोन नहर) पर धनौती के पास पुल जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुराने जर्जर पुल के स्थान पर नया पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*206. डॉ० रंजु गीता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रखंड नानपुर के पंचायत जानीपुर के वर चौक से कोयली बाजार होते हुये विरार चौक पथ काफी जर्जर है, जिससे आम आवाम को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

एप्रोच रोड का निर्माण

*207. श्री आलोक कुमार मेहता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के उजियारपुर प्रखंड अंतर्गत चांदचौर मध्य पंचायत में बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के द्वारा तीन वर्ष पूर्व एक आर०सी०सी० पुल का निर्माण कराया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल का एप्रोच रोड नहीं बनाये जाने से क्षेत्र की जनता को आवागमन में काफी भी कठिनाई होती है और आम जनता में काफी असंतोष है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का एप्रोच रोड कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*208. श्री केदारनाथ सिंह--दिनांक 24 अक्टूबर, 2017 को स्थानीय समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''जर्जर पुल कभी हो सकता है ध्वस्त'' के आलोक में क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2010 में निर्णय लिया है कि अब जो भी सड़क का निर्माण कार्य होगा उसमें पड़ने वाले जर्जर पुल का बिना निर्माण कराये सड़क का निर्माण कार्य नहीं किया जायेगा ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निर्णय के विरुद्ध सीवान जिला के भगवानपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम-चोरौली एन०एच० 101 के आई० ..आई० मोड़ से गिरि टोला होते हुये भीखनपुर तक 2.275 कि०मी० सड़क में पीपरा वितरणी शाखा नहर के 3 आर०डी० गिरि टोला में जर्जर पुल का निर्माण कराये बिना सड़क का निर्माण कार्य जनवरी, 2017 से किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सरकारी निर्णय के विरुद्ध बिना जर्जर पुल का निर्माण कराये उक्त सड़क का प्राक्कलन बनाने एवं कार्य प्रारंभ करनेवाले दोषी अभियंताओं पर कार्रवाई करते हुये पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

--------

सड़क का पुनर्निर्माण

*209. श्री रामप्रीत पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत खजौली प्रखंड के खजौली रेलवे से पूरब शहीद संतू चौक से बाबुबरही के मैनापट्टी की लगभग 6 कि०मी० सड़क जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क खुटौना, बाबुबरही प्रखंड एवं कलुआही, बासोपट्टी, हरलाखी प्रखंड को भी जोड़ती है एवं यह सड़क ग्रामीण आबादी के लिये आवागमन का एकमात्र साधन है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क के पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*210. श्री लक्ष्मेश्वर राय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लौकही प्रखंड के नरेन्द्रपुर गाँव के पास घोड़द नदी में पश्चिमी कोसी तटबंध के निर्मली, कुनौली पथ में जे०के०एस० कम्पनी द्वारा पुल का निर्माण 2013 में ही शुरू किया गया है, किन्तु आजतक पुल का निर्माण नहीं होने के कारण आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुल का निर्माण कार्य पूर्ण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का अधिग्रहण

*211. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के तेघड़ा कार्य प्रमंडल के अंतर्गत बछवाड़ा-समसा रोड तथा भगवानपुर-संजात रोड 7 वर्षों से जर्जर स्थिति में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों सड़कों को वर्ष 2016-17 में ही ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण हेतु अनुरोध किया गया है जो अबतक विचाराधीन है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त दोनों सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कर निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पुनर्निर्माण

*212. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के ग्रामीण कार्य प्रमंडल, 2 के अंतर्गत एन०एच० 101 श्यामपुर से रेवतीथ एस०एच० 90 तक की सड़क तथा बरहीमा से जोगीरहाँ तक की सड़क का निर्माण कार्य 2016 में पूर्ण हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों सड़कों का निर्माण कार्य घटिया होने के कारण सड़क पूर्णरूपेण गड्ढे में तब्दील हो चुका है, जबकि दोनों सड़कों का रख-रखाव (maintenance) 2012 तक संवेदक को करना है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त दोनों सड़कों का घटिया निर्माण करनेवाले संवेदकों तथा संबंधित पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये सड़क का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*213. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के गड़हनी प्रखंड करनौल पुल से चाँदी हाई स्कूल, मठिया महादलित बस्ती दयाल छपरा, बेताड़ी होते हुये महादलित बस्ती, रसुलपुर मेन रोड तक कच्ची सड़क होने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का कबतक पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

सड़क का निर्माण

*214. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कुढ़नी प्रखंड के खरौना, तरमन चौक से नाहर होते हुये सुमेरा तक सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बाँध की मरम्मती

*215. श्री राहुल तिवारी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखंड के अन्तर्गत लालू के डेरा पंचायत के ग्राम-मरचईया में 200 से 250 मीटर तक बाँध टूटा हुआ है जिसके कारण बाँध के दक्षिण तरफ भयंकर बाढ़ आ जाती है एवं जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक टूटे हुये बाँध की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सम्पर्क पथ का निर्माण

*216. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत शिवसागर-चेनारी एस0एच0 पथ से ग्राम-टोंड़ी तक एवं निर्माणाधीन सोनहर सिकन्दरपुर पथ से अहिरौली तक की सड़क का निर्माण आजादी के 70 वर्षों से लेकर अभीतक नहीं हो सका है जिससे बरसात के दिनों में आवागमन बाधित हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँवों को सड़क सम्पर्क पथ से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*217. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत कुढ़नी प्रखंड में तुर्की चोरकरिया सड़क से मांझी टोला होते हुये मोहीनी उच्च विद्यालय तक की सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पक्की सड़क से जोड़ना

*218. श्री चन्द्रसेन प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के एकंगरसराय प्रखंड के ग्राम-खोसियालपुर-तेलहाड़ा पथ चौधरी पैन के निकट से नारायणपुर पंचायत के ग्राम-हैदरपुर तक 2.5 कि0मी0 पक्की सड़क का निर्माण अभीतक नहीं कराया गया है जबकि नारायणपुर पंचायत की कुल आबादी 1,000 है जिन्हें सड़क के अभाव में आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार हैदरपुर ग्राम को पक्की सड़क से कबतक जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*219. श्री चन्दन कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत सदर प्रखंड में बछौता चौक से धुसमुरी विशनपुर पथ जर्जर है जिससे यातायात में कठिनाई हो रही है जबकि वह पथ विसनपुर-सुम्भा-सोनिहार एवं सलौना रेलवे स्टेशन से भी जुड़ा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

राशि का भुगतान

*220. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के बड़हरा प्रखंड में आपदा से मरे व्यक्ति के परिवारों को आपदा राशि वर्ष 2016 में मिल गयी लेकिन आजतक बीस हजार रुपये का पारिवारिक लाभ नहीं दी गयी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जाँच कर विलम्ब के लिये दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने एवं सभी लाभार्थी को राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पुनर्निर्माण

*221. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बारसोई पश्चिमी रेलवे गुमटी से उत्तर एस0एच0 98 से ईमादपुर, कदमगाछी, कंदेला, सुधानी आदमपुर होते हुये तेलता प्रखंड मुख्यालय तक जानेवाली सड़क 2016 एवं 2017 की भीषण बाढ़ से बूरी तरह प्रभावित होने के कारण जर्जर हो गया है एवं विगत पाँच वर्षों से कोई मरम्मत कार्य भी नहीं हुई है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार

*222. श्री प्रहलाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के चानन प्रखंड के महुलिया से बतसपुर होते हुये भलई गाँव भाया मननपुर बाजार से इटौन गाँव होते हुये खड़कुआ तक तथा भुई का पहाड़ से बंशीपुर, मोहन कुन्डी, घोषिकुन्डी, गोड्डीह होते हुये वृन्दावन गाँव से किउल स्टेशन तक की सड़क की स्थिति जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपरोक्त दोनों जर्जर सड़कों का जीर्णोद्धार कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पक्की सड़क से जोड़ना

*223. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत दक्षिणी कांटाकोस पंचायत का अमीराबाद गाँव को अभीतक मनीहारी अमदाबाद मुख्य सड़क से नहीं जुड़ा हुआ है जबकि गाँव की आबादी लगभग 5 हजार है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँव को कबतक पक्की सड़क से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का पुनर्निर्माण

*224. श्री अशोक कुमार सिंह (203)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला अन्तर्गत परसधुआँ-मुखराव भाया महावीर स्थान पथ में नुआँव प्रखंड के मुखराव गाँव के पास धरमावती नदी पर बना पुल 5 वर्षों से जर्जर हो गया है जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर पुल का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*225. श्री सुधांशु शेखर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत हरलाखी प्रखंड के बिरौल पंचायत में रामपुर और महथौर गाँव के बीच प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित सड़क के पास कमला नहर पर पुल नहीं है जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का पुनर्निर्माण

*226. श्री यदुवंश कुमार यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के पिपरा प्रखंड मुख्यालय से दुबियाही पंचायत को जोड़ने वाली पिपरा, वसूली, फसिया सड़क की मरम्मती कार्य नहीं कराये जाने के कारण सड़क गड्ढे में परिवर्तित हो गया है जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*227. श्री भोला यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के हनुमान नगर प्रखंड अन्तर्गत तारालाही-सिमरी पथ में केलवागाछी मंदिर के पास बाहा पर प्रत्येक वर्ष बाढ़ में रोड टूट जाता है तथा इस वर्ष भी बाढ़ में वह पथ पूरी तरह टूट गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के टूटने से आवागमन बाधित हो जाता है तथा उस इलाके के आम आदमी को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

तटबंध का पक्कीकरण

*228. श्रीमती अरूणा देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के वारिसलीगंज प्रखंड में सकरी नदी से निकली पौरा नहर से बरबीघा तक सिंचाई होती है किन्तु तटबंध कमजोर रहने के कारण बरबीघा तक पानी नहीं पहुँच पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर में चेकडैम बनाते हुये तटबंध का पक्कीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सिलटेशन की सफाई

*229. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत बेतिया प्रखंड के बरवत सेना से सिकहरना तक निकलने वाली कोहड़ा नदी में सिलटेशन के कारण जल स्तर ऊँचा हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी के सिलटेशन की सफाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*230. डॉ0 फैयाज अहमद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंड मुख्यालय जानेवाली औंसी-कमतौल मुख्य सड़क में मिल्लत चौक के पास लंबी कटान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि थोड़ी भी बारिश होने पर कटान में पानी भर जाने के कारण आमजनों का प्रखंड मुख्यालय से सम्पर्क टूट जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मिल्लत चौक के पास पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*231. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के कटिहार सदर प्रखंड कार्यालय का भवन पुराना एवं जर्जर होने के कारण कार्य सम्पादन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड कार्यालय का नया भवन निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्यूबवेल चालू करना

*232. श्री राज किशोर सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अन्तर्गत वैशाली प्रखंड के ग्राम पंचायत, चकअल्हदाद में वर्ष 2007 में निर्मित ट्यूबवेल अभीतक चालू नहीं हुआ है जिससे किसानों को सिंचाई में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ट्यूबवेल को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का जीर्णोद्धार

*233. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत सकरी-दहौरा एस0एच0 पथ से एन0एच0 57 तक जगदीशपुर रेलवे स्टेशन से बाजितपुर तक दोनों पथ श्रेणी-1 का है जो जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों पथों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का चौड़ीकरण

*234. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर विधान सभा क्षेत्र के गढ़पुरा से सखवा 81 नं0 रोड पूर्णतः क्षतिग्रस्त है, जिससे वाहनों के परिचालन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क चौड़ीकरण के साथ निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पुलिया का निर्माण

*235. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत भागलपुर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क पथ बैजूडीह भाया कुल्हड़िया के बीच नहर पर स्थित पुलिया जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर नया पुलिया का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का पक्कीकरण

*236. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के जयनगर कार्य डिवीजन के अंतर्गत सुरियाही से सिराही जानेवाली सड़क जर्जर होने एवं बछराजा नदी पर पुल नहीं रहने के कारण अवागमन में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी पर पुल का निर्माण कराते हुए सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का निर्माण

*237. श्री संजय कुमार तिवारी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला अंतर्गत बक्सर चौसा के आई0 टी0 आई0 (I.T.I) मैदान से वीरकुँवर सिंह कॉलोनी होते हुए कटदहिया पुल बाईपास तक सड़क निर्माण का प्रस्ताव मार्च, 2017 में बक्सर जिलाधिकारी द्वारा पथ निर्माण विभाग को दिया जा चुका है किन्तु अभीतक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रस्ताव को स्वीकृत करते हुए सड़क निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ का निर्माण

*238. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर से कोईरीडीह भाया तोल-टेंगो पथ शुरूआत में 1.6 कि0 मी0 तथा तेतरिया से कोईरीडीह पथ के शुरूआत में 600 मीटर पथ का निर्माण नहीं हुआ है जिससे आम-जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, जबकि दोनों पथ झारखंड राज्य को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण पथ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों पथों के निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मरम्मती कार्य कराना

*239. श्री शमीम अहमद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के बंजरिया प्रखंड अंतर्गत बंगरी नदी पर पुल के पास एवं तिलावे नदी के फुलवार पुल के पास इस वर्ष आई भीषण बाढ़ के कारण तटबंध टूट चुका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त तटबंध के क्षतिग्रस्त स्थानों पर मरम्मती कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का कालीकरण

*240. श्री राम विलाश पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगाँव प्रखंड में प्यालापुर मोड़ से श्यामपुर, दादर, नाथनगर होते हुए छोटी मेंहदी से मिर्चाचौकी तक निर्मित सड़क की स्थिति काफी जर्जर एवं दयनीय है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँवों की सड़क का कालीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सम्पर्क पथ का निर्माण

*241. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत रोहतास प्रखंड के डिहरी यदुनाथपुर पी0 डब्लू0 डी0 पथ से ग्राम जमुआँ होते हुए सोन नदी के किनारे श्मशान घाट तक एवं डेहरी यदुनाथपुर पथ से ग्राम थुम्हा सोन नदी के किनारे श्मशान घाट तक सम्पर्क पथ नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में ग्रामीणों को दाह-संस्कार करने एवं किसानों को खेती करने जाने के लिए आवागमन बाधित हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों गाँवों का यथा उल्लेखित सम्पर्क पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*242. श्री मनोज कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत रफीगंज प्रखंड में रफीगंज-इटाढ़ मुख्य पथ के धावा नदी पर वर्ष 2014 में तैमुरा पुल का निर्माण हुआ है, किन्तु पुल के दोनों तरफ से पहुँच पथ का निर्माण नहीं होने के कारण पुल पर आवागमन बंद है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक तैमुरा पुल के दोनों तरफ से पहुँच पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*243. श्रीमती अमीता भूषण--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के बीरपुर प्रखंड अंतर्गत पर्रा पंचायत में पर्रा पी० डब्लू० डी० पथ से लक्ष्मीपुर होते हुये सरौंजा गाँव तक जाने वाली सड़क जर्जर होने के कारण आस-पास के हजारों आबादी को प्रखंड और जिला मुख्यालय आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

----------

कटाव से बचाव

*244. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, जल संसाधान विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड अंतर्गत बेलवा पंचायत के घाट टोला, मदरसा टोला एवं कॉल टोला का पनार नदी से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त टोला को कटाव से बचाने का विचार रखती हैं, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का जीर्णोद्धार

*245. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत श्रीनगर प्रखंड के कॉपरेटिव बाजार से खरकट्टा पुल तक सड़क विगत 5 वर्षों से जर्जर होने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

नलकूप चालू कराना

*246. श्री (मो0) नवाज आलम--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के आरा प्रखंड के दौलतपुर एवं भकुरा पंचायत का नलकूप लगभग दो वर्षों से बंद है जिससे किसानों को पटवन में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बंद नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का निर्माण

*247. श्री जिवेश कुमार--क्या मंत्री ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अंतर्गत जाले प्रखंड के कमतौल पुरानी थाना से गायत्री मंदिर होते हुये ततैला तथा कमतौल-जोगियारा पी0 डब्लू0 डी0 सड़क (जोगियारा) से श्री उमा सिंह जी के घर तक जाने वाली सड़क का निर्माण अभीतक नहीं हुआ है, जिससे आमलोगों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

फाटक का निर्माण

*248. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत चिरैया प्रखंड के खोड़ा पंचायत में सिजुआ नदी में 10 वर्ष पूर्व स्लूईस गेट का निर्माण हुआ था, किन्तु फाटक नहीं रहने के कारण किसानों का सैकड़ों एकड़ जमीन सिंचाई से वंचित रह जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर स्लूईस गेट में फाटक लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*249. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला अंतर्गत चकाई प्रखंड के पारजोरी मोड़ से भाया दुवरिया टिलहा पकरी मुख्य सड़क तक कच्ची सड़क रहने के कारण आमलोगों को कठिनाइयाँ हो रही हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

ऑपरेटर की नियुक्ति

*250. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत कल्याणपुर प्रखंड के शीतलपुर एवं सिहोरवा में ऑपरेटर के अभाव में नलकूप विगत पाँच वर्षों से बंद है जिससे किसानों को सिंचाई सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है, यदि हाँ, तो ऑपरेटर के कारण बंद नलकूपों के लिये ऑपरेटर की नियुक्ति हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ?

---------

पथ की मरम्मती

*251. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत धमदाहा प्रखंड अधीन विशुनपुर चौक से भवानीचक फुलवरिया पथ तथा विशुनपुर चौक से किशनपुरवलुआ पथ जर्जर हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों पथ की मरम्मती हेतु कार्यपालक अभियंता, धमदाहा द्वारा डी० पी० आर० मुख्यालय को वर्ष 2016-17 में समर्पित किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त दोनों पथ की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ की मरम्मती

*252. श्री सदानंद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत अगरपुर-कोतवाली-मिरजान हाट पथ निर्माण विभाग के पथ से गोराडीह प्रखंड मुख्यालय से निकलने वाली पथ जो घोघा सन्हौला पथ को जोड़ती है, पिछले 3 4 वर्षों से जर्जर है, जिससे 25 गाँवों के ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ की पूर्ण मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का अधिग्रहण

*253. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत बरबीघा से कोतरा गोपालबाद जिला नालंदा होते हुये पटना जिला के बाढ़ तक आर०ई०ओ० पथ जो सम्प्रति तीन जिला को जोड़ता है, संकीर्ण एवं जर्जर स्थिति में है, जिससे वाहन के आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ को पी०डब्लू०डी० विभाग में अधिगृहित कर कबतक जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

साईफन की मरम्मती

*254. श्री रवीन्द्र सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत अरवल प्रखंड के मौजा सतपुरा में जल संसाधन विभाग सोन नहर प्रमंडल, खगौल के सोन नहर वितरणी संख्या दस का साईफन क्षतिग्रस्त है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त क्षतिग्रस्त साईफन की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*255. श्री शत्रुधन तिवारी--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत मकेर में प्रखंड कार्यालय का निजी भवन नहीं रहने के कारण लगभग 25 वर्षों से किराये के भवन में कार्य चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अधिकारियों और कर्मचारियों के आवास का भवन नहीं रहने के कारण सभी अन्यत्र स्थानों से कार्यालय आते हैं जिसके कारण आम जनता को वे अक्सर समय पर उपलब्ध नहीं रहते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड का कार्यालय एवं आवासीय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*256. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड प्रखंड के पंचायत, कंसार, राम मनोहर सिंह ग्राम-पड़राही झौला से राम मनोहर सिंह के खेत से दुमरिया घाट तक सड़क कच्ची है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*257. डॉ० अशोक कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत रोसड़ा अनुमंडल के रोसड़ा बाजार अनुमंडल मुख्यालय तथा प्रखंड/अंचल कार्यालय जाने के लिये मुख्य सड़क एस०एच० 55 पर बीच शहर में वाहनों के दबाव के कारण जाम हो जाता है तथा दुर्घटना भी होती रहती है, जिससे वाहनों का आवागमन प्रायः घंटों अवरुद्ध हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक शहर को जाम से मुक्ति दिलाने हेतु एस०एच० 55 से रहुआ बाँध के गंडक तटबंध होते हुये दौलतपुर एस०एच० 55 तक या एस०एच० 55 में डाक बंगला से मिर्जापुर होते हुये दुरहा एस०एच० 55 तक बाईपास सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

बाँध का जीर्णोद्धार

*258. श्री बशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत कोचस प्रखंड के अगरसी डिहरा गाँव एवं करगहर-प्रखंड के बहुआरा गाँव के पास धर्मावती नदी पर कृषि कार्य के बाँध का निर्माण हुआ था, लेकिन दोनों बाँधों की स्थिति जीर्ण-शीर्ण होने के कारण किसानों का सिंचाई कार्य नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बाँधों का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी को दंडित करना

*259. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के प्रखंड लकड़ी नवीगंज में प्रधानमंत्री आवास निर्माण योजना में एक भी लाभुक का आवास निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंड के सभी पंचायत के लाभुकों के गृह निर्माण का भौतिक सत्यापन कराकर अनियमितता के लिये दोषी को दंडित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*260. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत श्रीनगर प्रखंड के झुन्नी पंचायत के बतैवाइनार पक्की सड़क से झुन्नी स्तांब्रा बेलाहाट पक्की सड़क तक कच्ची सड़क है, जो श्रीनगर एवं के० नगर प्रखंड को जोड़ने वाली मुख्य पथ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

पटना :
दिनांक 29 नवम्बर, 2017 (ई०)।

राम श्रेष्ठ राय,
सचिव,
बिहार विधान सभा।

बि०स०मु० (एल०ए०), 60 डी०डी०पी०-550